# LDA के अपार्टमेंट भी अब बनेंगे सूर्यघर

■ एनबीटी, लखनऊ

एक हजार वर्ग फुट और इससे बड़े मकानों पर रूफटॉप सोलर पैनल अनिवार्य करने के साथ एलडीए ने अपने अपार्टमेंटों को भी सूर्यघर बनाने का फैसला किया है। इसके तहत करीब 4.50 की लागत से 14 अपार्टमेंट के रूफटॉप पर ऑनग्रिड सोलर पावर प्लांट लगाए जाएंगे। इससे बनने वाली बिजली का इस्तेमाल कॉमन एरिया की लाइटों के लिए होगा। एलडीए ने इसका टेंडर भी जारी कर दिया है। इसमें जानकीपुरम विस्तार योजना के चार, प्रियदर्शिनी योजना के दो, मानसरोवर के पांच, शारदा नगर के दो और कानपुर रोड योजना के एक अपार्टमेंट पर सोलर प्लांट लगेंगे।

**4.5**
**करोड़ से 14 अपार्टमेंट में लगेंगे रूफटॉप सोलर पैनल, टेंडर जारी**

किसी अपार्टमेंट में रेजिडेंट वेलफेयर असोसिएशन (आरडब्ल्यूए) नहीं बना है तो वहां देखरेख का जिम्मा एलडीए के पास ही रहता है। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि ऐसे अपार्टमेंट की देखरेख में काफी खर्च होता है। इसमें कॉमन एरिया में लगी लाइटों का बिजली बिल भी शामिल है। इसका खर्च कम करने के लिए ही अपार्टमेंट में सोलर पैनल लगाए जाएंगे। एक किलोवॉट के सोलर पैनल से रोजाना चार यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। इससे बिजली बिल में 70 से 80 प्रतिशत बचत का अनुमान है।

## पार्क में भी तैयारी

एलडीए के विद्युत यांत्रिक के एक्सईएन नीरज कुमार ने बताया कि कानपुर रोड योजना स्थित ज्योतिबा फुले जोनल पार्क में भी सोलर प्लांट लगाने की तैयारी है। यहां करीब 50 किलोवॉट का ऑनग्रिड प्लांट लगेगा। टेंडर की शर्तों के अनुसार सोलर पैनल की वॉरंटी न्यूनतम 25 साल और इन्वर्टर की वॉरंटी 10 साल होगी।

AI Image



## यहां लगेंगे सोलर पैनल

| अपार्टमेंट | क्षमता (किलोवॉट में) |
|---|---|
| **जानकीपुरम विस्तार** | |
| सरगम | 200 |
| जनेश्वर एन्क्लेव | 100 |
| स्मृति | 90 |
| सृष्टि | 75 |
| **मानसरोवर योजना** | |
| आश्लेषा | 40 |
| भरणी | 40 |
| मघा | 40 |
| दीपशिखा | 40 |
| फाल्गुनी | 20 |
| **शारदानगर** | |
| रश्मिलोक | 40 |
| रत्नलोक | 40 |
| **प्रियदर्शिनी योजना** | |
| सोपान एन्क्लेव | 95 |
| सृजन अपार्टमेंट | 30 |
| **कानपुर रोड योजना** | |
| पूर्वा अपार्टमेंट | 10 |

इसके बाद गोमतीनगर के पारिजात व पंचशील अपार्टमेंट और अलीगंज के अनुभूति अपार्टमेंट में भी सोलर प्लांट लगाए जाएंगे।